# केस स्टडी-29/2025

GOOD WORK

जारी तिथि : 28.10.2025

**घटनाक्रम:** दिनांक 22.10.2025 को गाड़ी संख्या 15066 DN, पनवेल से गोरखपुर जानेवाली एक्सप्रेस, लोको संख्या 30572 के साथ भुसावल लॉबी के चालक दल व्दारा 19:05 बजे IGP से रवाना हुई, और 19:48 से 19:57 बजे तक NK पर निर्धारित हाल्ट के बाद, आगे बढ़ी। MMR (मनमाड़) के डिस्टेंट सिग्नल को दो पीले संकेत में गाड़ी ने 118 Kmph गति से पार किया और इनर डिस्टेंट सिग्नल को एक पीले संकेत में 37 Kmph से पार किया, उसके बाद गति 40 Kmph तक बढ़ गई, होम सिग्नल जो लाल था, उसे 150 मीटर पहले गाड़ी की गति 31 Kmph थी, सहा. लोको पायलट ने समय सूचकता दिखाते हुए आपातकालीन ब्रेक लगाया परिणामस्वरूप होम सिग्नल, जो लाल था, से 80 मीटर पहले गाड़ी रुक गई।

## लोको पायलट द्वारा की गई गलतिया :

1. मनमाड़ स्टेशन पर गाड़ी का पब्लिक हॉल्ट तो नहीं है इसलिए यह मान कर चलना की होम सिग्नल ऑफ ही होगा या हो जाएगा।
2. समिट (SUM) से मनमाड़ (MMR) के बीच 8 किलोमीटर का लगातार 1:132 का डाउन ग्रेडिएन्ट है एवं आगमन सिग्नल गोलाई मे लगा है, इन विपरीत परिस्थितियों का ध्यान न रखते हुए, अति आत्मविश्वास के कारण देर से ब्रेकिंग करना
3. एक पीला सिग्नल पास करने पर भी गाड़ी की गति को होम से 150 मीटर पहले तक 31 Kmph गति रखना।

## कर्मीदल को सलाह:

1. सिगनलो के अनुसार गाड़ी की गति नियंत्रित करें एक पीले संकेत पर गति 40 Kmph से अधिक न रखें।
2. जब भी गाड़ी पीला सिग्नल से गुजरे, तो लोको पायलट को सावधानीपूर्वक आगे बढ़ना चाहिए तथा अगले स्टॉप सिग्नल से पहले अपनी गाड़ी रोकने के लिए तैयार रहना चाहिए, कभी भी यह मानकर न चलें कि अगला सिग्नल ऑफ ही होगा या हो जाएगा।
3. सिग्मा बोर्ड का पालन कड़ाई से करें ALP ध्यान रखे कि सिग्मा बोर्ड से एक OHE मास्ट पहले गाड़ी की गति अगर 20 Kmph से अधिक होने पर RS का उपयोग **लोको पायलट अनुदेश 14/2025** के अनुसार तुरुन्त करेः ALP द्वारा इस अनुदेश का पालन करने से संभावित असामान्य घटना से बचाव संभव हुआ।

(गौरव कु. श्रीवास्तव)
वरि.मं. व.इंजि.(परि.),नागपुर

सभी मुख्य लोको निरीक्षक/मुख्य लोको नियंत्रक उपरोक्त निर्देशों को सभी लोको रनिंग कर्मचारियों को अवगत कराएं एवं कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें।

**नोट:** केस स्टडी केवल कर्मीदल को काउन्सलिंग देने के उद्देश्य से तैयार की गई है, इसे काउन्सलिंग के अलावा किसी अन्य उद्देश्य के लिए मान्य नहीं